राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी उद्घाटित

चर्चा में क्यों?

26 अप्रैल, 2023 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कनवेंशन सेंटर में दो दिवसीय आईसेक्ट राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। संगोष्ठी का आयोजन आत्मनिर्भर भारत के लिये सामाजिक उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर चर्चा के लिये किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर आईसेक्ट और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य सामाजिक उद्यमिता पर पारस्परिक समझौता किया गया। साथ ही युवा उद्यमियों का सम्मान भी किया गया।
- रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने बताया कि मध्य भारत का पहला कौशल विकास विश्वविद्यालय आईसेक्ट द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह संस्थान का छठा विश्वविद्यालय होगा।
- उन्होंने बताया कि आईसेक्ट सामाजिक उद्यमिता पर आधारित 37 हज़ार केंद्रों का 27 राज्यों में संचालन कर रहा है। केंद्र का मॉडल भारतीय भाषाओं और सोशल कनेक्ट पर आधारित है। तकनीक के साथ कृषि के क्षेत्र में भी संस्थान द्वारा पहल की गई है।
- आईसेक्ट के सचिव डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने संगोष्ठी की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगोष्ठी का आयोजन शृंखला में किया जा रहा है। इसी तरह की 15 कॉन्फ्रेंस का आईसेक्ट द्वारा आयोजन किया जाना है।
- संगोष्ठी में बताया गया कि देश में ज्ञान आधारित डिजिटल अर्थ-व्यवस्था भविष्य की प्रौद्योगिकी में नवाचार लॉजिस्टिक्स रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप के लिये नये अवसर निर्मित हुए हैं।
- हरित हाइड्रोजन मिशन को 20 हज़ार करोड़ रुपए मिले हैं। पिछले वर्षों में रक्षा निर्यात 6 गुना बढ़ा है। कृषि बजट भी 1 लाख 25 हज़ार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। औषधियों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिये उत्कृष्टता केंद्रों के जरिये नया कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- सरकार, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में कौशल प्रशिक्षण के लिये देश में 30 स्किल इंडिया अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, तीन कृत्रिम मेधा उत्कृष्टता केंद्र और फाइव जी एप्लीकेशन विकास के लिये 100 प्रयोगशालाएँ खोल रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-seminar-inaugurated-by-the-governor